राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या–156/2024

भारत को विकसित बनाने के लिए सबका योगदान जरूरी –राज्यपाल

पटना, 11 अगस्त, 2024 :– माननीय राज्यपाल श्री राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने बापू सभागार, गाँधी मैदान, पटना में आयोजित वनबंधु परिषद्, पटना चैप्टर के वार्षिकोत्सव समारोह में भाग लिया।

इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि वनबंधु परिषद् एकल विद्यालयों के माध्यम से देश के वनवासी बंधुओं को शिक्षा एवं संस्कार दे रहा है। आजादी के पूर्व अंग्रेजों ने अपने विशेष उद्देश्य की पूर्ति के लिए कड़े वन कानून बनाए ताकि वनवासी लोगों तक कोई पहुँच नही सके। इस प्रकार वे शिक्षा और संस्कार से वंचित रहे। परन्तु अब हम सबका दायित्व है कि वनवासी बंधुओं को समाज की मुख्य धारा में लाने हेतु पूरा प्रयास करें।

उन्होंने कहा कि वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए समाज के सभी वर्ग के प्रत्येक व्यक्ति और परिवार का योगदान आवश्यक है। वनवासियों को अलग रखकर हम भारत को विकसित बनाने का सपना पूरा नही कर सकते हैं। इसके लिए आवश्यक है कि हम उन्हें इसकी धारा से जोड़ें। यह हम सबका दायित्व है। विकसित भारत का अर्थ केवल आर्थिक विकास ही नहीं, बल्कि सभी देशवासियों का सर्वांगीण विकास है।

कार्यक्रम को बिहार विधान सभा के माननीय अध्यक्ष श्री नंद किशोर यादव, माननीय उप मुख्यमंत्री श्री विजय कुमार सिन्हा तथा माननीय नगर विकास एवं आवास मंत्री श्री नितिन नवीन ने भी संबोधित किया।

इस अवसर पर वनबंधु परिषद् के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष श्री रमेश माहेश्वरी, वनबंधु परिषद्, पटना चैप्टर के पदाधिकारीगण एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

……………………………………